AMAR UJALA MY CITY PAGE 5 & 6

लखनऊ विवि और सीमैप मिलकर करेंगे शोध

लखनऊ। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमैटिक प्लांट्स (सीमैप) और लखनऊ विश्वविद्यालय मिलकर शोध करेंगे और वहां के विद्यार्थी व शोधार्थी एक दूसरे संस्थान की लैब का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए बहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व निदेशक सीएसआईआर-सीआईएमएपी डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने एक एमओयू किया। इस एमओयू से दोनों संस्थानों की सुविधाओं और विशेषज्ञता को आपसी लाभ के लिए एक दूसरे के साथ साझा किया जा सकेगा। इसका लाभ लखिवि और सीमैप के विज्ञान संकाय के परास्नातक विद्यार्थी, शोधार्थी, विभिन्न जीव विज्ञान से संबंधित विभागों जैसे वनस्पति विज्ञान, जैव रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान, रसायन विज्ञान के शिक्षकों और वैज्ञानिकों को मिलेगा। दोनों संस्थान संयुक्त रूप से सहयोगी परियोजनाओं के लिए भी आवेदन कर सकेंगे। इस अवसर पर लखिवि के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, सीएसआईआर-सीआईएमएपी के कंट्रोलर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, लखिवि के डीन एकेडमिक्स प्रो. अरविंद मोहन, प्रो. मोनिका वनर्जी डीन विज्ञान एवं प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, सीएसआईआर-सीआईएमएपी से डॉ. विक्रांत गुप्ता और डॉ. प्रेमाजी वासुदेव उपस्थित रहे। बता दें कि डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी (निदेशक, सीएसआईआर-सीआईएमएपी) लखनऊ विवि के ही जैव रसायन विभाग के पूर्व छात्र हैं।

विश्वविद्यालय में हुआ व्यापक पौधरोपण

लखनऊ। वन विभाग के सहयोग से विश्वविद्यालयों में व्यापक पौधरोपण किया गया। एकेटीयू तथा घटक संस्थानों के परिसर में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, डॉ. वंदना पाठक, प्रीत कुलपति प्रो. विनीत कंसल, कुलसचिव नंदलाल सिंह, प्रो. एच्के पालीवाल निदेशक आईईटी, डॉ. प्रदीप बाजपेई रजिस्ट्रार आईईटी ने 50 पीपल व पांच जामुन के पौधे लगाए। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित डॉ. विनोद सिंह कुलसचिव, रवि सिंह डीएफओ, डॉ. देश दीपक, प्रो. पूनम टंडन, प्रो. रविन्द्र कुमार, डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने नए व पुराने परिसर में पीपल के 51 पौधे रोपे। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह, रजिस्ट्रार अमित कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय आदि ने परिसर में पीपल के 60 पौधे रोपे। खवाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. माहरुख मिर्जा, प्रो. एहतेशाम अहमद, नीरज शुक्ला, तनु डंग, रुचिता सुजोय आदि शिक्षकों व एनएसएस के विद्यार्थियों ने पीपल के पौधे रोपे और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर विवि की ओर से गोद लिए गए टीबी ग्रस्त बच्चों को फल वितरित किया गया।

लखनऊ विवि

NBT PAGE 4

रिसर्च के लिए एकदूसरे का सहयोग करेंगे एलयू-सीमैप

दोनों संस्थानों के बीच हुआ एमओयू

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय और सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिसिनल ऐंड एरोमैटिक प्लांट्स (सीमैप) के वीच गुरुवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत दोनों संस्थान अकैडमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और रिसर्च की दिशा एकदूसरे का सहयोग करेंगी।

एमओयू पर लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और सीमैप के निदेशक डॉ.प्रबोध त्रिवेदी ने एलयू के कुलसचिव और सीमैप के कंट्रोलर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के प्रमुख लाभार्थी विवि और सीमैप के विज्ञान संकायों के परास्नातक छात्र, शोधार्थी, जीव विज्ञान से संबंधित विभागों के अध्यापक और वैज्ञानिक होंगे। दोनों संस्थान संयुक्त सहयोगी परियोजनाओं के लिए भी साथ में आवेदन दे सकेंगे। एमओयू बनाने और उस पर हस्ताक्षर होने तक की प्रक्रिया में विवि के डीन अकैडमिक्स प्रो. अरविंद मोहन, डीन रिसर्च प्रो.मोनिशा वनर्जी, जैव रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा और सीएसआईआर-सीमैप से डॉ.विक्रांत गुप्ता व डॉ.प्रेमाजी वासुदेव की सक्रिय भूमिका रही।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

पीएम की बर्थ डे पर विवि में रोपे पीपल के 621 पौधे

लखनऊ (एसएनबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर राजधानी में स्थित आठ विश्वविद्यालयों/संस्थानों में 621 पीपल के पौधों का रोपण विवि के कुलपतियों एवं संस्थान के निदेशकों द्वारा वन विभाग के सहयोग से किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) डा. रवि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में पीपल के पौधों का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान लविवि के कुलपति व डीएफओ द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं व विवि परिसर को हरा-भरा एवं कार्बन न्यूट्रल बनाने के लिए विस्तृत वृक्षारोपण पर चर्चा की गयी, जिसके अन्तर्गत एकेन्द्रु प्लान्टेशन, मियावाकी विधि से उगाए जाने वाले वन तथा सभी संकायों में इको क्लब की स्थापना पर चर्चा की गयी। विवि स्तर पर वन विभाग के सहयोग से एक ग्रीन कोर कमेटी की स्थापना पर कुलपति द्वारा अनुमोदन दिया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, कुलसचिव व प्रगागीय अनाधिकारी, लखनऊ सह अध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे तथा विवि से संबंधित विभिन्न जनपदों में स्थित समस्त महाविद्यालयों द्वारा वार्षिक वृक्षारोपण व हरीतिमा वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण आदि पर कार्य किया जाएगा। इस दौरान लखनऊ विवि में हेरिटेज-ट्री का चिन्हीकरण व वानिकी के वृहद प्रचार-प्रसार के लिए भी चर्चा की गयी।

इस अवसर पर लविवि में विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व तथा रजिस्ट्रार डा. विनोद सिंह, प्रॉक्टर दिनेश कुमार व डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के पुराने और नए परिसर में पीपल के 51 पौधे लगाए। इस दौरान प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे व्यक्ति हैं, जो ज्ञान को प्रेरित करते हैं, शिक्षा के माध्यम से आत्मज्ञान को प्रोत्साहित करते हैं तथा अपने चारों ओर हर किसी की रक्षा करते हैं। वह स्वयं भव्यता, गंभीरता और विनय के प्रतीक हैं, इसलिए यह वृक्षारोपण अभियान उनके सम्मान का एक योग्य तरीका है। वहीं दूसरी तरफ लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रहे तथा उत्तर प्रदेश सरकार में भाषा समिति के सदस्य मो. दानिश आजाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर परमुस्लिम रस्मो-रिवाज से कुरआन-पाक की तिलावत कर प्रधानमंत्री की लंबी उम्र के लिए व मुल्क में कोरोना वीमारी के खात्मे के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर दानिश आजाद ने कहा कि आज हमारा भारत देश पूरे विश्व में नई ताकत वन कर उभर रहा है, ह्यलोकि कोरोना के कारण वहुत सारी नई मुश्किलें व चुनौतियाँ सामने आई है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जनता की सेवा कर रहे।

रिक्रूटमेंट पोर्टल पर आवेदन कर वीसी ने किया आगाज

लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों पांच डिजिटल सुविधाओं का उद्घाटन कराया था। इसी क्रम में बहुस्पतिवार को रिक्रूटमेंट पोर्टल पर 180 शिक्षक भर्ती की आवेदन प्रक्रिया भी शुरू की गई। आज विज्ञान के प्रकाशन के बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने खुद पटल की जांच की। उन्होंने एक मॉक आवेदन पत्र भी जमा किया। प्रो. राय ने कहा कि समय और साधन की बचत के साथ-साथ यह पटल प्रक्रिया में निरंतरता, तीव्रता एवं पारदर्शिता भी सुचारु रूप से बनाए रखेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नई नियुक्ति के विज्ञापन के साथ इसकी शुरुआत की गई है। इस पर आए आवेदन की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित अहर्ताओं के आधार पर उनका परीक्षण किया जाएगा। चयनित आवेदकों को साक्षात्कार के लिए सूचना भेजी जाएगी तथा साक्षात्कार के बाद चयनित शिक्षकों की सूची भी नियुक्ति पटल के माध्यम से ही सार्वजनिक की जाएगी। आवेदकों को आवेदन पत्र भरने से सूची जारी होने तक की प्रक्रिया की चरणबद्ध सूचना इसके माध्यम से प्राप्त होती रहेगी।



उद्घाटन | एलयू में पीएम के जन्मदिन पर शुरू हुई कई डिजिटल सेवाएं

'स्लेट' पर ऑनलाइन कक्षाएं शुरू

25 से हो सकती है पीजी प्रवेश परीक्षा

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के नए सत्र की शुरुआत गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से की गई। पहले से तय कार्यक्रम के तहत नए सत्र की कक्षाओं की शुरुआत स्टेटेजिक लर्निंग एप्लिकेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन (स्लेट) पर की गई। इसके अलावा एलयू प्रशासन पीजी की क्लास की शुरुआत की गई।

पहले दिन कुलपति ने एमबीए की क्लास ली।

एलयू में स्लेट पर शुरू हुई कक्षाओं को लेकर स्टूडेंट्स काफी उत्साहित रहे। उन्होंने ऑनलाइन एप्लेकेशन 'स्लेट' के टूल्स को समझा और विशेषज्ञों से रोप ने जुड़ी वारीकियां भी जानीं। छात्र संघ संघर्ष ने वताया कि पहले दिन के इंटरेक्टिव सेशन में ताया कि वह कक्षा में ही मौजूद हैं। कक्षा में सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी हुई। वहीं, पहले दिन कुलपति ने एमबीए की कक्षा ली। इसके अलावा एलयू के द्वितीय कैंपस स्थित फैकल्टी ऑफ इंजिनियरिंग का कंप्यूटर सेंटर सार्वजनिक उपयोग के लिए खुला रहा। दोपहर एक बजे तक विवि के छात्र-छात्राओं समेत वहरी 24 विद्यार्थी कंप्यूटर का उपयोग करने आए।

i-NEXT PAGE 2

पीएम के बर्थडे पर 'स्टेल' पर पढ़ाई

एलयू में गुरुवार को शुरू हुई स्लेट समेत कई डिजिटल सेवाएं

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(17 Sept): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्ट्रेटेजिक लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन एप 'स्लेट' की शुरुआत की गई. पहले दिन इस एप पर शुरू हुई क्लास को स्टूडेंट्स ने खूब सराहा. उन्होंने विशेषज्ञों से इसके टूल्स को समझा और इसकी बारीकियों को जाना. टीचर्स में भी इसे लेकर काफी उत्सुकता दिखाई दी.

खुला रहा कंप्यूटर सेंटर

पीएम के जन्मदिन पर वीसी की पूर्व घोषणा के अनुसार सेंडेक कैंपस में स्थित फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग का कंप्यूटर सेंटर सार्वजनिक उपयोग के लिए खुला रहा. दोपहर एक बजे तक यहां करीब दो दर्जन से अधिक युवा कंप्यूटर का उपयोग करने पहुंचे.

पहले दिन आई दिक्कतें

पहले दिन कई डिवाटेंस्ट में स्टूडेंट्स का डाटा सर्वर पर अपलोड न होने के कारण वह लॉगइन नहीं कर पा रहे थे. इस मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि सभी विभागों में स्टूडेंट्स की डिटेल नहीं दी है, जिससे स्टूडेंट्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

वीसी ने किया शुभारंभ

वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने इस एप पर पहली क्लास का शुभारंभ किया. उन्होंने टीचर्स और स्टूडेंट्स से कहा कि आज जो तकनीकी असुविधाएं आ रही हैं, उनका जल्द निवारण कर दिया जाएगा. प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि फिजिक्स के सभी टीचर्स ने स्लेट पर क्लास शुरू कर दी हैं. वहीं गुरुवार को ही राजनीति विज्ञान के प्रो. मनुका खन्ना, एमबीए के डॉ. अनु कोहली आदि ने भी स्टूडेंट्स को इस एप पर पढ़ाया.

HINDUSTAN PAGE 10

विश्वविद्यालय में ऑनलाइन एजुकेशन सिस्टम स्लेट की शुरुआत, पहले दिन संतुष्ट दिखे छात्र-छात्राएं

स्लेट पर हुई पढ़ाई, छात्रों ने रुची दिखाई

लखनऊ विवि

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइनएजुकेशन सिस्टम स्लेट (स्ट्रैटेजिक लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन) की शुरुआत की गई। पहले दिन छात्रों के अनुभव काफी अच्छे रहे। छात्रों ने बताया कि पढ़ाई भले ही ऑनलाइन थी लेकिन पहले दिन के अनुभव से लगा जैसे वह क्लास रूम में बैठकर ही पढ़ रहे हो।

एलयू में स्लेट पर शुरू हुई कक्षाओं को लेकर छात्र काफी उत्साहित रहे। उन्होंने ऑनलाइनएप्लीकेशन स्लेट के टूल को समझा। साथ ही विशेषज्ञों से उससे जुड़ी बारीकियां भी जानीं। ज्यादातर छात्र-छात्राएं इन ऑनलाइन क्लासेस से काफी संतुष्ट भी रहे। छात्र सुरेश ने बताया कि पहले दिन के क्लास में सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी दर्ज की गई।

बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्लेट के रूप में अपना खुद का ऑनलाइन एजुकेशन सिस्टम तैयार किया है। स्नातक और परास्नातक से लेकर सभी पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को इससे जोड़ा जाना है।

गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन एजुकेशन सिस्टम स्लेट के माध्यम से पढ़ाई करते छात्र-छात्राएं।

कंप्यूटर सेंटर शुरू किया गया : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय कैंपस स्थित फैकल्टी ऑफइंजीनियरिंग में कंप्यूटर सेंटर गुरुवार को सार्वजनिक उपयोग के लिए खुला रहा। विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं समेत वाहरी छात्र छात्राओं के लिए भी कंप्यूटर सेंटर खुला रहा। इसके खुलने से छात्रों को काफी सुविधा होगी।

समस्याः कई छात्र नहीं कर पाए लॉग इन

विश्वविद्यालय की ओर से गूगल ले स्टोर पर एप्लीकेशन उपलब्ध कराई गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कई एपले छात्र है जिनकी ओर से उपलब्ध कराई गई सुचनाएं उनके डेटावेस से अलग थीं। ऐसे में उन्हें सिस्टम से जुड़ने में समस्या आई है। उन्होंने बताया कि अधिकतर छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से ऐसे सभी छात्रों से एक गूगल फॉर्म के माध्यम से सुचनाएं मांगी जा रही हैं। जल्दी ही उनकी समस्याओं को दूर किया जाएगा।

लविवि के छात्र सीमैप में भी कर सकेंगे शोध

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें सीमैप के विशेषज्ञों की देखरेख में अध्ययन करने का मौका मिलेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय और सीमैप के बीच इस संबंध में गुरुवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और सीएसआईआर-सीआईएमएपी के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव और सीएसआईआर-सीआईएमएपी के कंट्रोलर ऑफ एडिमनिस्ट्रेशन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

लविवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञता को आपसी लाभ के लिए एक दूसरे के साथ साझा किया जा सकेगा।

DAINIK JAGRAN PAGE 6

लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में पीपल के पौधे रोपने का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. रवि कुमार सिंह मौजूद रहे। डॉ. रवि कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय समेत दूसरे नामित संस्थानों में एक हजार पौधे रोपे गए ● जागरण

अलग अंदाज में मना जन्मदिन

प्रधानमंत्री का जन्मदिन शहर में अलग अंदाज में मनाया गया। लविवि में इस दिन सत्र की शुरुआत स्लेट पर पढ़ाई कराकर की गई। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग का कंप्यूटर सेंटर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए खुला रहा। कहीं पौधरोपण करके तो कहीं कुरआन-ए-पाक की तिलावत करके प्रधानमंत्री की लंबी उम्र के लिए दुआएं मांगी गईं।

JAGRAN CITY PAGE III

सीमैप व लखनऊ विवि मिलकर करेंगे काम

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर) का केंद्रीय औषधीय एवं समंध पौधा संस्थान (सीमैप), और लखनऊ विश्वविद्यालय मिल कर काम करेंगे। गुरुवार को सीमैप और लविवि के बीच इस बावत समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। लविवि की तरफ से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, कुलसचिव और सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी व कंट्रोलर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (सीओए) की उपस्थिति में हस्ताक्षर हुए। एमओयू का मकसद आपसी सुविधाओं और विशेषज्ञता का एक-दूसरे को लाभ देना है।

THE PIONEER PAGE 4

LU announces recruitment of teachers on 180 posts

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University on Thursday announced recruitment of teachers on 180 posts. LU spokesperson said applications have been invited through the online recruitment portal and the complete list of posts is available on the website.

"Applications received as per the University Grants Commission's prescribed qualifications will be verified and the information will be sent to the applicants short-listed for the interview rounds. Thereafter, the list of candidates selected will also be displayed through the appointment panel itself," he said.

He added that step-by-step information throughout the entire process of filling the application form till the release of the final list would be received by the applicants through this portal.

Vice-Chancellor AK Rai examined the portal, submitted a mock application form and expressed confidence that this portal would not only save time and resources but also ensure continuity, speed and transparency in the process. The VC had earlier said that the announcement would be made on the birthday of PM Narendra Modi.

PIONEER PAGE 3 & 4

आठ राज्य विश्वविद्यालयों में रोपे गए 621 पीपल के पौधे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राजभवन की पहल पर गुरुवार को राजधानी स्थित आठ राज्य विश्वविद्यालयों में पीपल के 621 पौधों का रोपण किया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी अवध वन प्रभाग लखनऊ डा. रवि कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में पीपल के पौधों का रोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति व प्रभागीय वनाधिकारी लखनऊ द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं व विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा व कार्बन न्यूट्रल बनाये जाने हेतु एक विस्तृत पौधरोपण पर चर्चा की गयी, जिसके अन्तर्गत एकेन्द्रु प्लांटेशन, मियावाकी विधि से उगाए जाने वाले वन विश्वविद्यालय स्तर पर वन विभाग के सहयोग से एक ग्रीन कोर कमेटी की स्थापना पर कुलपति द्वारा अनुमोदन दिया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, कुलसचिव व प्रभागीय वनाधिकारी लखनऊ सह अध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे तथा विवि से संबंधित विभिन्न जनपदों में स्थित समस्त सभी महाविद्यालयों के द्वारा वार्षिक वृक्षारोपण व हरीतिमा वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण आदि पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में हेरिटेज-ट्री का चिन्हीकरण व वानिकी के वृहद प्रचार-प्रसार के लिए भी चर्चा की गयी।

लविवि ने 180 शिक्षकों के पद किये विज्ञापित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि ने गुरुवार को शिक्षकों के 180 पदों की नियुक्तियों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया है। आवेदन विवि के नियुक्ति पटल यानि पौर्ट्ल पर आमंत्रित हैं और संपूर्ण सूची विवि वेबसाइट पर उपलब्ध है। बता दें, गत 15 सितंबर को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विवि के अन्य 5 डिजिटल सुविधाओं के साथ साथ विवि के नये Recruitment Portal का उद्घाटन भी किया था। समारोह के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने यह घोषणा की थी कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विवि के शिक्षकों की नयी नियुक्ति के विज्ञापन लेकर (यूजीसी) द्वारा निर्धारित आहर्ताओं के आधार पर मिले आवेदनों का परीक्षण किया जायेगा, चयनित आवेदकों को साक्षात्कार के लिए सूचना भेजी जाएगी और साक्षात्कार के बाद चयनित सदस्यों की सूची भी नियुक्ति पटल के माध्यम से ही प्रदर्शित की जायेगी। आवेदन पत्र के भरने से सूची जारी होने तक की प्रक्रिया की चरणबद्ध सूचना अनवरत रूप में आवेदक को इस पटल के माध्यम से प्राप्त होती रहेगी। आवेदनों के आमंत्रण के विज्ञापन के प्रकाशन बाद कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने खुद पटल की जांच की, एक मॉक आवेदन पत्र भी जमा किया और विश्वास जताया कि समय और साधन की बचत के साथ-साथ यह पटल, प्रक्रिया में निरंतरता, तीव्रता और पारदर्शिता भी सुचारु रूप से

● कुलपति ने स्वयं किया मॉक आवेदन

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

एकेडमिक सहयोग के लिए एलयू व सीमैप के बीच अनुबन्ध

लखनऊ। एकेडमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही रिसर्च की दिशा में एक दूसरे के सहयोग के उद्देश्य से गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमैटिक प्लांट्स (सीमैप) लखनऊ के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय व डॉ प्रबोध कुमार त्रिवेदी, निदेशक सीमैप ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव और सीमैप के कंट्रोल ऑफएडमिनिस्ट्रेशन की उपस्थिति के बीच हस्ताक्षर किए। दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच कार्यात्मक संबंधों को मजबूत करने के मुख्य उद्देश्य के साथ यह एमओयू लाया गया है ताकि दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञता को आपसी लाभ के लिए एक दूसरे के साथ साझा किया जा सके। इस एमओयू के प्रमुख लाभार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय और सीमैप के विज्ञान संकायों के परास्नातक विद्यार्थी, शोधार्थी, विभिन्न जीव विज्ञान से संबंधित विभागों के अध्यापक और वैज्ञानिक होंगे। दोनों सहयोगी संस्थानों द्वारा संयुक्त सहयोगी परियोजनाओं के लिए भी साथ में आवेदन दिया जा सकेगा।